# टाइम ट्रैवलर इंटर हाउस प्रतियोगिता




**जोधपुर @ पत्रिका प्लस.** आंगनवा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को वर्ल्ड हेरिटेज डे पर टाइम ट्रैवलर इंटर हाउस प्रतियोगिता हुई। विद्यालय के चारों हाउस ने दुनिया के सात अजूबों को तीन राउंड में अलग-अलग तरह से प्रस्तुत किया। प्रतिभागियों ने हर अजूबे से संबंधित वास्तुकला, पाककला, पोशाक एवं वहां के लोक संगीत को प्रस्तुत किया। प्रधानाचार्या डॉ. नील कमल सिंह ने इतिहास एवं उससे जुड़ी धरोहर को संभाल कर रखने का संदेश दिया। प्रतियोगिता में डायमंड हाउस विजेता रहा। विद्यालय की निर्देशिका डॉ. शीतल अतुल सिंह ने प्रतिभागियों को बधाई दी।

**19/04/2025 Rajasthan Patrika**